रैपिड वर्ल्ड चैंपियनशिप

[स्रोत: द हिंदू](#)

हाल ही में **ग्रैंड मास्टर कोनेरू हम्पी ने न्यूयॉर्क** में वर्ष **2024 की FIDE (अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ) विश्व रैपिड चैंपियनशिप** में जीत हासिल की, जो भारतीय शतरंज के लिये एक असाधारण वर्ष है।

- कोनेरू हम्पी ने फाइनल में **इंडोनेशिया** की **इरीन सुकंदर को हराया** तथा एक से अधिक बार महिला रैपिड विश्व खिताब जीतने वाली **वह पहली भारतीय एवं चीन की वेंजुन जू के बाद दूसरी खिलाड़ी** बन गई हैं।
  - हम्पी ने अपना **पहला विश्व रैपिड खिताब वर्ष 2019 में जॉर्जिया** में जीता था।
    - उन्होंने **वर्ष 2012 विश्व रैपिड चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता** तथा वर्ष 2023 में उज्बेकिस्तान में **दूसरा स्थान** प्राप्त किया।
- इससे पहले **डी गुकेश, सिंगापुर** में **विश्व शतरंज चैंपियनशिप 2024 में डिंग लिरेन** (चीन) को हराकर **सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन** बने थे।
- **वर्ष 2024 में बुडापेस्ट में** [शतरंज ओलंपियाड](#) के **ओपन एवं महिला** दोनों वर्गों में भारत को जीत मिली।
- **विश्व रैपिड चैंपियनशिप** में प्रत्येक राउंड में **15 मिनट का समय निर्धारण** होता है, जिसमें **प्रत्येक बारी में 10 सेकंड** की वृद्धि होती है।

और पढ़ें: [भारत में शतरंज की बढ़ती लोकप्रियता](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-world-championship